एमडीआई गुड़गांव और एमडीआई मुर्शीदाबाद के संयुक्त वार्षिक दीक्षांत समारोह में 714 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिए गए

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

गुड़गांव, 15 अप्रैल। मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट गुड़गाँव और मुर्शीदाबाद ने 15 अप्रैल को एमडीआई गुड़गाँव परिसर में अपने दीक्षांत समारोह 2023 का संयुक्त रूप से आयोजन किया। इस दीक्षांत समारोह में माननीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं जनवितरण और कपड़ा मंत्री, श्री पीयूष गोयल मुख्य अतिथि थे।

इस संयुक्त वार्षिक दीक्षांत समारोह में श्री रजनीश कुमार, चेयरमैन, एमडीआई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स; बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य; एमडीआई गुड़गाँव की कार्यवाहक डायरेक्टर, डॉ. संगीता शाह भारद्वाज; एमडीआई मुर्शीदाबाद के डायरेक्टर, डॉ. आत्मानंद; फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए।

शैक्षणिक वर्ष 2021-23 के बैच में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए 556 विद्यार्थियों को एमडीआई गुड़गाँव से डिप्लोमा प्रदान किया गया, जिनमें 7 फैलो स्कॉलर्स भी शामिल थे। इस संस्थान ने मेधावी विद्यार्थियों को 21 पदक भी वितरित किए।

एमडीआई मुर्शीदाबाद ने अपने पीजीडीएम कार्यक्रम के लिए 158 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और 5 पदक वितरित किए।

एमडीआई में बोर्ड ऑफ गवनर्स के चेयरमैन, श्री रजनीश कुमार ने कहा, ''शिक्षा का मतलब केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि अपने चरित्र और दृढ़ता का निर्माण करना है। कड़ी मेहनत और परिश्रम के इन दो सालों में आपके मार्ग में आने वाली जिन चुनौतियों और बाधाओं का आपने सामना किया और जिन पर विजय प्राप्त की, उनसे आपके करियर को आकार मिला है, और आप भविष्य के प्रभावशाली एवं दृढ़ नेतृत्वकर्ताओं के रूप में विकसित हुए हैं।''

एमडीआई गुड़गाँव में कार्यवाहक डायरेक्टर, डॉ. संगीता शाह भारद्वाज ने कहा, ''एमडीआई गुड़गाँव में फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (एआईयू) द्वारा हाल ही में पीएचडी के समकक्ष की मान्यता दी गई है। शोध को बढ़ावा देने, इसे व्यवहार में उतारने, और शैक्षणिक समुदाय में इसके दर्शन को बढ़ाने के लिए शोध के कार्यक्रम जरूरी हैं।''

डॉ. भारद्वाज ने आगे कहा, ''इस साल हमने और ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी की है, और अब हम शोध करने, सम्मेलनों के आयोजन, एवं कार्यक्रमों के संचालन के लिए विद्यार्थी एवं फैकल्टी के आदान-प्रदान के लिए 90 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ एमओयू (गठबंधन) कर चुके हैं।''

एमडीआई मुर्शीदाबाद के 2021-23 के बैच के लिए बहुत ही कम समय में शानदार प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है। अपने अंतिम वर्ष के ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट के मामले में यह संस्थान पिछले सालों में हर साल लगातार बेहतर प्रदर्शन करता आया है, और इस साल के परिणाम तो अभूतपूर्व हैं। यहाँ मिलने वाले औसत और माध्य वेतन क्रमशः 12.67 लाख प्रतिवर्ष और 11.40 लाख प्रतिवर्ष को पार कर गए हैं, जो पिछले सालों के मुकाबले काफी ज्यादा हैं।

एमडीआई मुर्शीदाबाद के डायरेक्टर, डॉ. आत्मानंद ने कहा, ''एमडीआई मुर्शीदाबाद में सर्वाधिक वेतन 42.8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 20 लाख रु. प्रतिवर्ष रहा, जिसके बाद 18.65 लाख रु. प्रतिवर्ष और 18.02 लाख रु. प्रतिवर्ष का ऑफर दिया गया। विद्यार्थियों को 56 कंपनियों में प्लेसमेंट मिला, जिनमें से 32 कंपनियाँ पहली बार नियुक्ति करने आई थीं।''